Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to open Indore-Damoh Railway Project and construct under bridge at railway crossing at Amargarh railway station between Ratlam and Meghnagar railway stations in Ratlam Parliamentary Constituency.

इंजीनियर गुमान सिंह दामोर (रतलाम): धन्यवाद सभापति महोदय। मैं सबसे पहले हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम आदरणीय मोदी जी और हमारे रेलवे मंत्री परम आदरणीय पीयूष गोयल जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मध्य प्रदेश में रेलवे का बजट दस गुना बढ़ाकर सात हजार करोड़ रुपये कर दिया है। यह हमारे लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेलवे मंत्री जी से दो छोटी-छोटी मांगे रखना चाहता हूं। एक, हमारा इंदौर-दाहोद रेलवे प्रोजेक्ट का काम चल रहा था जो किन्हीं कारणों से होल्ड पर रखा गया है। इस कार्य को पुन: शीघ्र चालू किया जाए। यह रेलवे प्रोजेक्ट शुरू होने से जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में रोजगार के अवसर खुलेंगे और विकास के द्वार भी खुलेंगे। दूसरा, हमारा रतलाम और मेघनगर रेलवे स्टेशन के बीच में अमरगढ़ रेलवे स्टेशन है। इसके चैन क्रमांक 69 पर एक रेलवे क्रॉसिंग थी, जिसका गेट बंद कर दिया गया है। अब यहां एक अंडर ब्रिज की आवश्यकता है। मैं आपके माध्यम से यही दो मांगे माननीय मंत्री जी से करता हूं। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया उसके लिए आपका पुन: धन्यवाद।